

## नेहरू स्कूल ने जीते 9 गोल्ड सहित 18 पदक



**सेंधवा।** नेहरू स्मृति हासे अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों ने ताइक्कांडो डेवलपमेंट एसो द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 9 गोल्ड, 4 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। प्रतियोगिता में कई जिलों के 150 से अधिक बच्चों ने सहभाग किया। जिसमें तनवीर खान, अश्विन जाधव, जोसेफ खान, विवान मोटवानी, मरहमा शेख, चेतन बहारे, पीयूष डुडवे, हिमांशु सोनवने, प्रेम आर्य ने गोल्ड मेडल हासिल किए। सब जुनियर वर्ग में हमजा शेख, पार्थ मोरे, देवेश बोरसे, रवि सोलंकी ने सिल्वर मेडल हासिल किए एवं हसनैन शेख, बालवीर चौहान, परी सोलंकी, जयश्री खैरनार ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। साथ ही तनमय राठौड़, मंथन चौहान, प्रियांशु सोलंकी ने माइनस 35 किग्रा वेट में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संस्था अध्यक्ष रविन्द्र सिंह मंडलोई ने कहा कि हमारे शहर के विद्यार्थी किसी भी प्रतियोगिता में सहभाग कर शहर एवं परिवार का नाम गौरवान्वित करने का हौसला रखते हैं। प्राचार्य राहुल मंडलोई में विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण विद्यालय ने संभाग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। पीटीआई कोच हिमांशु मालाकार एवं कक्षा शिक्षक कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभाग किया। इस उपलब्धि पर पूर्व अध्यक्ष पीरचंद मित्तल, बीएल जैन, दिलीप कानूनगो, उपाध्यक्ष शैलेष कुमार जोशी, सचिव अशोक कुमार सकलेचा, कोषाध्यक्ष दीपक लालका, सह सचिव मनोज कानूनगो, प्राचार्य हेमंत खेड़े, उप प्राचार्य, देवेन्द्र कानूनगो व स्टॉफ ने बधाई दी।

## जीओ गीता की इंदौर शाखा का गठन

**इंदौर.** ग्लोबल इंस्पीरेशन एनलाइटनमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ़ भगवद गीता (जीओ गीता) के संस्थापक देश के प्रख्यात गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान इंदौर में भी जीओ गीता की शाखा स्थापित करने की घोषणा करते हुए लायंस सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी कुलभूषण मित्तल कुक्की के मार्गदर्शन में सीए पंकज गुप्ता को इंदौर इकाई का संयोजक नियुक्त किया है. संगठन के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप मित्तल ने रविवार को कनाड़िया रोड, मोर्या हिल्स स्थित कुसुम देवी छावछरिया सभागृह में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन पर इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि प्रथम चरण में इंदौर में दो हजार लोगों को संगठन का सदस्य बनाया जाएगा. सत्संग के समापन प्रसंग पर आयोजन समिति की ओर से गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज का यजमान समूह की ओर से सम्मान भी किया गया।इस मौके पर महामंडलेश्वरजी ने स्वयं संगठन की इंदौर शाखा की स्थापना की घोषणा करते हुए कुलभूषण मित्तल कुक्की के मार्गदर्शन में इंदौर की गतिविधियों के लिए सीए पंकज गुप्ता को संयोजक नियुक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इंदौर जैसी धर्म और अध्यात्म प्रेमी नगरी में गीता को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में सार्थक प्रयास होंगे. कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप) ने जीओ गीता द्वारा गीता के प्रचार प्रसार के लिए प्रकाशित पुस्तिकाओं के हिंदी संस्करण के वितरण का संकल्प व्यक्त किया तो महामंत्री प्रदीप मित्तल ने आश्वस्त किया कि इंदौर के सदस्यों और गीता प्रेमियों के बीच वितरण के लिए हिंदी गीता की 50 हजार पुस्तिकाएँ भेजी जाएंगी।

एक नजर में

## सेंट्रल बैंक का मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम



**इंदौर.** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देशभर में आयोजित मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत इंदौर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमों को आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना और उन्हें तेजी से बढ़ते व्यवसायिक माहौल से जोड़ना है. इस कार्यक्रम का आयोजन एमपीआईडीसी के सहयोग से पीथमपुर ऑटो क्लस्टर के ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीथमपुर ऑटो क्लस्टर की सीएफओ प्रेरणा जैन एवं कंपनी सेक्रेटरी आशीष जैन तथा एटीआईटीसी के प्रधानाचार्य अंशुल मिश्रा उपस्थित थे. इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय प्रमुख आर. के. सिंह ने किया. उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रबोध जैन ने उद्यमियों को विभिन्न ऋण सुविधाओं, सरकारी योजनाओं और बैंक की ओर से उपलब्ध विशेष स्र्स्स्क्ष उत्पादों की विस्तृत जानकारी प्रदान की. आज सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एमएसएमई उद्यमों को आकर्षक और प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर 90 करोड़ की राशि के ऋण वितरित किए गएय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्र्स्स्क्ष उद्यमियों, स्टार्टअप संचालकों और व्यापार प्रतिनिधियों ने भाग लिया. क्षेत्रीय प्रमुख आर. के. सिंह ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती का आधार है और सेंट्रल बैंक इस क्षेत्र को अधिक से अधिक सहयोग देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. इंदौर में आयोजित यह मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम स्थानीय उद्यमियों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगा. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आगे भी ऐसे कार्यक्रमों द्वारा स्र्स्स्क्ष सेक्टर को सशक्त बनाने की अपनी पहल जारी रखेगा.

## सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एफ70ई 5जी

**इंदौर.** सैमसंग ने आज गैलेक्सी एफ70ई 5जी को लॉन्च किया है. यह नई गैलेक्सी एफ70 सीरीज़ का पहला स्मार्टफोन है, जिसे खासतौर पर युवा जेन जी यूजर्स के लिए बनाया गया है. इसमें बेहतरीन कैमरा अनुभव, अल्ट्रा स्मूद डिस्प्ले और प्रीमियम लेदर फिनिश दी गई है, ताकि रोज़ाना क्रिएट करने, शेयर करने और खुद को एक्सप्रेस करने वाले युवा इसे पसंद करें. अक्षय एस. राव, डायरेक्टर, एमएक्स बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा नया गैलेक्सी एफ70ई 5जी सैमसंग की उस मजबूत सोच को दिखाता है कि हम अपने पैसे को महत्व देने वाले युवाओं को ऐसे नए-नए फीचर्स देकर आगे बढ़ने में मदद करना चाहते हैं. इस फोन में अपने सेगमेंट का सबसे अच्छा कैमरा है, जो बहुत तेज़ और साफ़ पोट्रेट फोटो खींचता है साथ ही 120 हर्टज का स्मूद डिस्प्ले है और पीछे प्रीमियम लेदर जैसा खूबसूरत फिनिश है. गैलेक्सी एफ70ई 5जी हमारे एनर्जी से भरपूर जेन जी दोस्तों की बड़ी-बड़ी चाहतों और सपनों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है. हम बहुत खुश हैं कि इसे भारत के लोगों तक ला रहे हैं और इससे स्मार्टफोन की दुनिया में सैमसंग के भरोसेमंद ब्रांड को और भी मजबूत कर रहे हैं.

## स्विगी व रॉबिन हुड आर्मी का 'विंटर वंडरलैंड' अभियान

**इंदौर.** स्विगी ने रॉबिन हुड आर्मी के साथ मिलकर 'विंटर वंडरलैंड' अभियान आयोजित किया. यह एक दिल को छू लेने वाली सर्दियों की पहल थी, जिसका उद्देश्य भारत भर में जरूरतमंद और कमजोर समुदायों तक गर्माहट, देखभाल और पोषण पहुंचाना था. मध्य प्रदेश में तापमान गिरने के साथ ही, स्विगी और रॉबिन हुड आर्मी ने ग्वालियर, छतरपुर, छिंदवाड़ा, खंडवा, पीथमपुर, गुना, उज्जैन सहित अन्य स्थानों पर खुले स्लम में रहने वाले बच्चों, अनाथालयों के निवासियों, सड़कों पर रहने वाले लोगों और अन्य वंचित समुदायों को पूरी, सब्जी और मिठाई सहित 530 ताजा तैयार भोजन वितरित किए. स्विगी के सहयोग से, रॉबिन हुड आर्मी के स्वयंसेवकों ने एक साथ कई शहरों में भोजन वितरण का आयोजन किया. स्विगी फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने कहा रॉबिन हुड आर्मी के साथ मिलकर आयोजित विंटर वंडरलैंड, इस दिशा में एक और कदम था, ताकि कड़ाके की सर्दियों में गर्म और ताज़े भोजन की खुशी उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है.

## हाफ का दूसरा पोस्टर जारी किया

**इंदौर.** गोलाम टीम एक बार फिर इस बड़े पैमाने पर बनी वैम्पायर थ्रिलर के लिए एकजुट हुई है, जिसमें अमला पॉल, रंजीत सजीव, ऐश्वर्या राज और अब्बास मुख्य भूमिकाओं में हैं. फिल्म की एक्शन कोरियोग्राफी हॉलीवुड स्टंट विशेषज्ञ वेरी त्रि युलिस्मान ने संभाली है. फ्रेगरेंट नेचर फिल्म क्रिएशन्स ने अपनी आगामी वैम्पायर थ्रिलर हाफ़ का नया पोस्टर जारी किया है,

# एआई की कसौटी पर मतदाता सूची, 2 .49 लाख नोटिस

### विशेष गहन पुनरीक्षण में सामने आई तार्किक विसंगतियां, 14 फरवरी तक सुनवाई और सुधार का कार्य जारी

**बड़वानी, (नवभारत)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सॉफ्टवेयर ने जिले की निर्वाचन प्रक्रिया को नई दिशा दी है। इस तकनीकी प्रक्रिया में जिले के 289071 मतदाताओं के डेटा पर तार्किक विसंगतियों का चिह्नांकन किया गया, जिसके बाद 249779 मतदाताओं को नोटिस जारी किए। नोटिस मिलने के बाद संबंधित मतदाताओं को ये प्रमाणित करने के लिए 99.65 प्रतिशत दस्तावेज प्रस्तुत किए। सोमवार दोपहर तक उनके नाम, उम्र व पारिवारिक विवरण सही हैं।



एआई द्वारा की गई जांच में वर्ष 2003 की मतदाता सूचियों से जुड़े कई रिकॉर्ड सामने आए। इनमें मतदाता, पिता के नाम और पते में अंतर पाया गया। पुराने हिंदी नामों के अंग्रेजी में रूपांतरण के दौरान हुई स्पेलिंग की त्रुटियां भी डेटा मिसमैच का कारण बनी। कुछ प्रकरणों में पिता और पुत्र की उम्र में 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक का अंतर दर्ज मिला, जिसे सॉफ्टवेयर ने तार्किक विसंगति के रूप में चिह्नित किया। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए प्रशासन ने नोटिस के माध्यम से वैध दस्तावेजों के आधार पर गहन पुनरीक्षण शुरू किया है। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर नोटिस तामील करा रहे हैं और मतदाताओं को निर्धारित तिथि पर दस्तावेजों के साथ सुनवाई में उपस्थित होने की जानकारी दे रहे हैं। इससे जिलेभर में एसडीएम कार्यालयों और अन्य शासकीय दफ्तरों में सुनवाई के लिए लगातार गतिविधियां देखी जा रही हैं। निर्वाचक नामावली एसआईआर 2026 के तहत नो मैपिंग और तार्किक विसंगतियों को दूर करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार फॉर्म 6, 7 और 8 से जुड़े प्रकरणों का निराकरण फील्ड वेरिफिकेशन के आधार पर किया जा रहा है, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन हो सके।

2.49 लाख से अधिक नोटिसों को तामील कराने की जिम्मेदारी बीएलओ पर है। वे न केवल नोटिस वितरित कर रहे हैं, बल्कि मतदाताओं से जन्म प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और वंशावली से जुड़े दस्तावेज भी देख रहे हैं। एसडीएम भूपेंद्र रावत ने बताया कि 14 फरवरी तक सभी नोटिसों पर सुनवाई पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। ये प्रक्रिया केवल बड़वानी विधानसभा तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले की चारों विधानसभाओं में एक साथ चल रही है। एआई ने मुख्य रूप से पांच प्रकार की तार्किक विसंगतियां चिह्नित की हैं। एक ही व्यक्ति के छह या उससे अधिक वंशजों का मतदाता सूची में दर्ज होना, पिता-पुत्र के नामों की स्पेलिंग या सरनेम में अंतर, पिता-पुत्र की उम्र में 15 वर्ष से कम का अंतर, 50 वर्ष से अधिक का अंतर तथा दादा और नाती की उम्र में 40 वर्ष से कम का अंतर। इन्हीं आधारों पर नोटिस जारी किए गए हैं। जिले में कुल 1094411 मतदाता हैं। इनमें 389370 मतदाता स्वयं के नाम से मैप हुए हैं और 635661 मतदाता संतान या वंशज के रूप में दर्ज हैं। 1029537 मतदाताओं का डेटा डिजिटाइज्ड और बीएलओ द्वारा सत्यापित किया जा चुका है, जबकि 4506 मतदाताओं की मैपिंग अभी शेष है।तार्किक विसंगतियों के मामलों में बड़वानी विधानसभा से 71276, सेंधवा से 62510, पानसेमल से 77486 और राजपुर से 38507 नोटिस जारी हुए हैं। प्रशासन के अनुसार सुनवाई और दस्तावेजी जांच के माध्यम से इन प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है, ताकि संशोधित मतदाता सूची समय पर तैयार हो सके।

कलेक्टर जयतिसिंह ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले के 99.65 प्रतिशत मतदाताओं ने सुनवाई में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने जवाब प्रस्तुत कर दिए हैं। शेष मतदाताओं के जवाब भी तय समय-सीमा में प्राप्त हो जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से हटाना नहीं है। जिन मतदाताओं के नाम या विवरण में विसंगति है, वे 14 फरवरी से पहले संबंधित एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होकर सुधार करा सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

**स्पष्ट दिए निर्देश**

- मैपिंग और तार्किक विसंगतियों को दूर करने स्पष्ट निर्देश दिए।
- देखी जा रही गतिविधियां।

## 12वीं का प्रथम प्रश्न पत्र हुआ

**पानसेमल, (नवभारत)।** नगर में बने परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय पर परीक्षाएं शुरू हुई। परीक्षाओं के लिए बाउवि, कवि में केंद्र बनाए हैं। केंद्राध्यक्ष संजय राठौड़ ने बताया कि बाउवि में 421 विद्यार्थी दर्ज है जिनमें से 383 विद्यार्थी उपस्थित हैं तथा 38 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

कन्या उत्कृष्ट विद्यालय में दर्ज 170 परीक्षार्थियों में 169 शामिल हुए केंद्राध्यक्ष सुनील सोनी के साथ सहायक केंद्राध्यक्ष नाना भाऊ सूर्यवंशी विद्यालय में मौजूद थे। शिक्षक सुदाम पवार, रामजी जाधव, प्रवीण पवार, संजय शिरोडे की भूमिका रही। 12वीं का पहला प्रश्न पत्र अंग्रेजी का रहा, विद्यार्थी ने प्रश्न पत्र सरल रहा, उन्हें अच्छे नम्बर आने की उम्मीद है। कलेक्टर प्रतिनिधि एवं नायब तहसीलदार प्रज्ञा पाटीदार प्रज्ञा पाटीदार विद्यालय में मौजूद थे। उड़न दस्ते में शामिल एसडीएम रमेश सिसोदिया ने केंद्रों पर अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्राध्यक्ष ने जानकारी दी कि जो परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहा गए हैं, उन्हें द्वितीय चरण में दूसरा मौका मिलेगा। जिसमें वे परीक्षा दे सकेंगे। आवश्यक व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी भी परीक्षा केंद्रों पर मौजूद रहे।

## नई डामर सड़क से राहगीरों को मिली राहत

**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर के बस स्टैंड से खदान मोहल्ला तक जर्जर सड़क से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। इस मार्ग पर डामरीकरण का कार्य पूरा हो गया है। 28 लाख रुपए की लागत से बनी 540 मीटर लंबी इस सड़क के बनने से राहगीरों को धूल, गड्ढों व जलभराव से निजात मिली है। सोमवार को डामरीकरण होने के बाद आवागमन सुगम हो गया।



नगर पालिका द्वारा सबका साथ सबका विकास के साथ कायाकल्प योजना के तहत यह मार्ग लक्ष्मी गेस्ट हाउस से नए बस स्टैंड तक बनाया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत जैन मंदिर से एसबीआई बैंक तक सीवरेज का कार्य चल रहा है। सीवरेज पूरा होते ही एमजी रोड, पुलिस थाना क्षेत्र और मारवाड़ी गली में भी सड़क निर्माण शुरू किया जाएगा। सोमवार दोपहर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण नपाध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, सहायक यंत्री पुष्पराज अजनारे और इंजीनियर बलदेवसिंह ठाकुर व पार्षदों ने किया। अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण कार्य और समय-सीमा के पालन के निर्देश दिए।

नपा अध्यक्ष अश्विनी चौहान ने बताया कि अंबेडकर पार्क बस स्टैंड से खदान मोहल्ला, पीएम रूम होकर तिरछी पुलिया तक ये सड़क 28 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई है। आगामी दिनों में अन्य वार्डों व प्रमुख मार्गों पर भी सड़कों के कायाकल्प की शुरुआत की जाएगी, ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो। शहर में कायाकल्प योजना के तहत एक ओर मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 8 सड़कें स्वीकृत हैं। सीवेज कार्य की वजह से रुका निर्माण अब तेजी से शुरू किया जाएगा। लक्ष्य है कि मुख्य मार्गों और वार्डों को बेहतर सड़कों से जोड़ा जाए व शहर को सुगम, सुरक्षित आवागमन की दिशा में आगे बढ़ाया जाए।

## रॉबर्ट नर्सिंग होम परिसर में 100 बिस्तरों का नया आधुनिक भवन बनेगा

- 30 करोड़ की लागत से नई इमारत जी प्लस 4 होगी
- नए भवन में जनरल और स्पेशल दोनों तरह के होंगे वार्ड



**इंदौर.** आने वाले दिनों में रॉबर्ट नर्सिंग होम परिसर में 100 बिस्तरों का एक अत्याधुनिक अस्पताल भवन बनेगा. इस भवन की अनुमानित लागत 30 करोड़ रुपए होगी. यह इमारत 24 हजार वर्गफीट में बनेगी, जो जी प्लस 4 होगी. इस इमारत में स्त्री रोग, हृदय रोग विभाग सहित आईसीयू आदि होंगे. साथ ही मरीजों की सुविधा के लिये जनरल और स्पेशल दोनों तरह के वार्ड होंगे.

यह जानकारी आज रॉबर्ट नर्सिंग होम परिसर में आयोजित बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने दी. संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने बताया कि नये भवन की निर्माण संबंधी प्रक्रिया आगामी तीन महिनों में पूरी कर ली जाएगी. बैठक में रॉबर्ट नर्सिंग होम के ट्रस्टियों ने प्रस्तावित नये भवन की डिजाइन दिखायी.

**वर्षों पुराना स्थापित अस्पताल है राबर्ट नर्सिंग होम**

डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर का रॉबर्ट नर्सिंग होम वर्षों पुराना स्थापित अस्पताल है, जहां सभी तरह के मरीज उपचार के लिये आते हैं. रियायत दर पर मरीजों का उपचार किया जाता है. डॉ. खाड़े ने आगे कहा कि मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए रॉबर्ट नर्सिंग होम परिसर में 100 बिस्तरों का एक नया अत्याधुनिक भवन बनाना प्रस्तावित है.



## आयुक्त ने सीएसआई को थमाया शोकाज नोटिस

- निरीक्षण के दौरान लोहार पट्टी में गंदगी और कचरा देख हुए नाराज
- आयुक्त ने झोन 12 व 2 के साथ भागीरथपुरा क्षेत्र का किया निरीक्षण

**इंदौर.** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सोमवार सुबह 7 बजे झोन 14 एवं 2 के साथ ही भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया. इस दौरान वे भागीरथपुरा, हवा बंगला और जवाहर मार्ग स्थित लोहार पट्टी क्षेत्र पहुंचे और चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किए जाएं.

उन्होंने भागीरथपुरा क्षेत्र में चल रहे जलप्रदाय एवं ड्रेनेज लाइन से संबंधित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए गए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किए जाएं. उन्होंने क्षेत्र में नागरिकों को निर्बाध एवं नियमित जलप्रदाय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए. इसके पश्चात आयुक्त श्री सिंघल द्वारा झोनल कार्यालय 14, हवा बंगला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के साथ ही विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया गया. हवा बंगला के बाद आयुक्त झोन 2 के अंतर्गत जवाहर मार्ग स्थित लोहार पट्टी पहुंचे. यहां निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में कचरा समय पर नहीं उठाए जाने एवं सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर आयुक्त ने संबंधित दरोगा को फटकार लगाई. साथ ही क्षेत्रीय सीएसआई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए तत्काल प्रभाव से संपूर्ण क्षेत्र में सफाई कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए.

एक नजर में | बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-4

## पानसेमल बना चैंपियन, झाबुआ को दी मात

**इंदौर. क्रिकेट प्रेमियों के रोमांच और आदिवासी युवाओं के जोश से भरे बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-4 का फाइनल मुकाबला इंदौर के श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के मैदान में खेला गया.**



**आशीष सिंह मैन ऑफ द सीरीज**

टूर्नामेंट में पानसेमल के आशीष सिंह को 'मैन ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजा गया, जबकि झाबुआ के मिखिल को 'बेस्ट बैट्समैन' का पुरस्कार मिला। सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली गंधवानी और पंधाना की टीमों को भी ?21,000/- की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

इस महामुकाबले में गत वर्ष की विजेता पानसेमल ने अपने जीत के क्रम को इस वर्ष भी बनाकर रखते हुए झाबुआ को हराकर खिताब अपने नाम किया. फाइनल मैच में पानसेमल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और बल्लेबाजी करते हुए झाबुआ ने निर्धारित 8 ओवरों में 68 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी पानसेमल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गेंद शेष रहते 69 रन बनाकर जीत दर्ज की. इस शानदार जीत के साथ पानसेमल ने 2 लाख का प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया, जबकि उपविजेता झाबुआ को 1 लाख की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया. यह टूर्नामेंट आदिवासी युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे के संरक्षण में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष इसमें प्रदेश की 32 विधानसभा क्षेत्रों की टीमों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम संरक्षक डॉ. निशांत खरे ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह टूर्नामेंट आदिवासी युवाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी खेल प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त मंच है. आगे भी इस आयोजन को और भव्य रूप दिया जाएगा.

## दो चरणों में होगी जनगणना, पहला चरण अप्रैल से

**इंदौर.** जिले में जनगणना 2027 की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है. जिले में दो चरणों में जनगणना का कार्य होगा. पहला चरण अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा. दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा. यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जनगणना संबंधी जिला समन्वय समिति की पहली बैठक में दी गई.

## केंद्रीय मंत्री व महापौर आज स्वच्छता गीत एवं स्वच्छ वार्ड रैंकिंग की करेंगे लॉन्चिंग

### स्वच्छता चैंपियन एवं सफाई मित्रों का सम्मान


नव भारत न्यूज

**इंदौर. कल मंगलवार को नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण 25-26 के स्वच्छता गीत और वार्ड रैंकिंग का शुभारंभ किया जाएगा. रविन्द्र नाट्य गृह में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और महापौर स्वच्छता अभियान की औपचारिक शुरुआत करेंगे. इस मौके पर स्वच्छता चेपियां और सफाई मित्रों का सम्मान भी किया जाएगा.**

निगम स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत बढ़ा हाथ-करें सफाई साथ अभियान केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख लक्ष्मण भाई मांडविया एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव 12.30 बजे रविन्द्र नाट्यगृह में स्वच्छता गीत 2025-26 एवं स्वच्छ वार्ड रैंकिंग 2025-26 का शुभारंभ किया जाएगा. शहर में स्वच्छता कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्वच्छता चैम्पियनों एवं निगम के 22 झोनल कार्यालयों के उत्कृष्ट सफाई मित्रों को सम्मानित किया जाएगा. इसके साथ ही आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए निर्धारित नवीन टूल किट प्रेजेंटेशन द्वारा जानकारी भी दी जाएगी.

## राठौर समाज के मांगलिक भवन का उद्घाटन

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली, 11 फरवरी.** नगर में राठौर समाज द्वारा समाजजनों के सहयोग से मांगलिक भवन का निर्माण किया गया। राठौर समाज ने शनिवार दोपहर 11 बजे क्षेत्रीय विधायक व जनप्रतिनिधियों व समाजजनों की उपस्थिति में मांगलिक भवन का उद्घाटन किया। राठौर समाज अध्यक्ष संतोष राठौड़ एवं ओमप्रकाश राठौर, महेंद्र कालु राठौर ने बातया कि समाज द्वारा 3 वर्षों से मागलिक भवन का कार्य राठौड़ समाज एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जा रहा था।




शनिवार को विधायक श्याम बरडे, कन्हैया सिसोदिया, नप अध्यक्ष तरुणा नरेन्द्र सिसोदिया, जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों द्वारा वीर दुर्गादास जी का पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

विधायक ने कहा कि यह भवन केवल ईंट-पत्थरों से बना एक ढांचा नहीं है, बल्कि राठौर समाज की एकता, संस्कार, परंपरा और सामूहिक संकल्प का सजीव प्रतीक है। जिससे समाज सामाजिक चेतना और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने भवन निर्माण में योगदान देने वाले दानदाताओं, समाजसेवियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में समाज के जिलाध्यक्ष हुकुम राठौड़, नगर अध्यक्ष संतोष राठौड़, अशोक राठौड़, ओमप्रकाश राठौड़, मुकेश राठौड़, राधेश्याम मुन्ना राठौड़, नरेन्द्र सिसोदिया, राठौड़ समाज नगर महिला अध्यक्ष बसंती राठौर, योगिता राठौर, किरण राठौड़, नगर परिषद सीएमओ रूपसिंह सोलंकी सहित समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन टीकाराम राठौड़ ने किया।

**सहयोग से किया निर्माण**

राठौर समाज द्वारा समाजजनों के सहयोग से मांगलिक भवन का निर्माण किया गया।